दिन– गुरूवार | दिनांक– 16/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. महिला आरक्षण और परिसीमन पर लोकसभा में चर्चा जारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी से बनेगा विकसित भारत।

02 भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन, रालोमो अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर और भाजपा नेता शिवेश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण की।

03. विधान परिषद की रिक्त हुई एक सीट के लिए उपचुनाव बारह मई को होगा। तीस अप्रैल तक किया जा सकता है नामांकन।

04. और, जनगणना, दो हजार सत्ताईस की राज्य में कल से होगी शुरूआत। पहले चरण में स्व–गणना और मकानों की सूची बनाई जाएगी।

---

संसद के विस्तारित बजट सत्र में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण पर चर्चा के लिए आज से तीन दिवसीय विशेष अधिवेशन शुरू हो गया है। लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि यह भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पल है। श्री मोदी ने कहा कि इस विचार मंथन से जो अमृत निकलेगा वो देश को नई दिशा दिखाएगा।

–साउंड बाइट–

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि यह भारत का सांस्कृति संकल्प भी है।

–साउंड बाइट–

श्री मोदी ने विपक्ष से महिला आरक्षण को राजनीतिक रंग नहीं देने की अपील करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी हमारी नियत को देख रही है।

–साउंड बाइट–

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में देश की आधी आबादी नीति निर्धारण का हिस्सा बने, यह सुनिश्चित करना इस संशोधन विधेयक का लक्ष्य है।

–साउंड बाइट–

प्रधानमंत्री ने सदन को विश्वास दिलाया कि इस निर्णय प्रक्रिया से किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि परिसीमन का जो अनुपात पहले से चला आ रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

–साउंड बाइट–

---

इससे पहले, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में एक सौ इकतीसवां संविधान संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस और परिसीमन विधेयक, दो हजार छब्बीस पेश किया। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस सदन में पेश किया। हालांकि विपक्षी सदस्यों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए इस विधेयक को वापस लेने की अपील की। बाद में मत विभाजन के बाद महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा कल भी जारी रहेगी।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिला शक्ति को उनका अधिकार सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर उन्हें और अधिक सशक्त बना रहे हैं।

–साउंड बाइट–

---

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक पर स्पष्टता से अपनी बात रखी है। श्री पासवान ने कहा कि अब विधेयक को रोकने का विपक्ष का बहना सफल नहीं होगा।

–साउंड बाइट–

---

महिला आरक्षण विधेयक को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है। गोपालगंज की जिला कार्यक्रम प्रभारी और भाजपा नेता सुनीता सिंह ने कहा कि यह देश को सशस्क्त और समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

–साउंड बाइट–––

---

संशोधन विधेयकों पर राज्यसभा में भी चर्चा होगी। इधर, हरिवंश नारायण सिंह को निर्विरोध रूप से राज्यसभा का उपसभापति चुन लिया गया है। श्री हरिवंश लगातार तीसरी बार इस पद पर निर्वाचित हुए हैं। गौरतलब है कि जदयू नेता हरिवंश की राज्यसभा सदस्यता का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें राज्यसभा में मनोनीत किया है।

---

बिहार से नवनिर्वाचित चार सांसदों ने आज राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई।

––साउंड बाइट–

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर तथा भाजपा नेता शिवेश कुमार ने भी राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दस अप्रैल को सदन की सदस्यता ग्रहण की थी।

---

निर्वाचन आयोग ने विधान परिषद की रिक्त हुई एक सीट के लिए उपचुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। इस सीट के लिए चुनाव बारह मई को होगा। एक रिपोर्ट...

–रिपोर्ट–

विधान परिषद की रिक्त हुई सीट के उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी है। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने बताया है कि उपचुनाव के लिए अधिसूचना तेईस अप्रैल को जारी की जाएगी। तीस अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। दो मई को नामांकन की जांच की जाएगी, जबकि चार मई तक नामांकन वापस लिये जा सकते हैं। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार बारह मई को सुबह नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक मतदान होगा और उसी दिन मतगणना की जाएगी। समाचार कक्ष से निधि श्री।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पदभार संभालने के बाद प्रशासनिक कार्यों में तेजी आ गई है। मुख्यमंत्री के पास फिलहाल गृह मंत्रालय समेत उनतीस विभागों की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने आज सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री चौधरी ने नगर विकास विभाग की परियोजनाओं और कार्यों की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री ने आज तख्तश्री हरिमंदिर पटना साहिब में मत्था टेका और राज्य में

सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इधर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज जल संसाधन विभाग का पदभार ग्रहण कर लिया।

———————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के वरिष्ठ नेता और विधायक माधव आनंद ने राज्य में शराबबंदी की व्यापक समीक्षा किये जाने की मांग की है। श्री आनंद ने आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर इस संबंध में अपनी बात रखी। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि शराबबंदी लागू करना ही काफी नहीं है। श्री आनंद ने कहा कि इस कानून को लागू हुए दस साल हो गए हैं और जमीनी हकीकत को देखते हुए इसकी पुर्नमूल्याकंन की जरूरत है।

———————————————

राज्य में कल से जनगणना, दो हजार सत्ताईस का पहला चरण शुरू होगा। इस चरण के तहत नागरिक स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाईन दर्ज कर सकते हैं। यह चरण एक मई तक चलेगा। एक रिपोर्ट...

–रिपोर्ट–

स्वगणना की इस प्रक्रिया में वेब–पोर्टल एसई डॉट सेंसस डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर परिवार के मुखिया का नाम और किसी भी एक सदस्य के मोबाईल नम्बर से पंजीकरण किया जा सकता है। स्व–गणना के बाद संबंधित व्यक्ति को एक आईडी प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक के घर आने पर उन्हें उपलब्ध कराना होगा। दो मई से मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना शुरू होगी, जो इकतीस मई तक चलेगी। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे। राज्य सरकार ने लोगों से जनगणना कार्य में सहयोग की अपील की है। इधर, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि जनगणना के लिए पहली बार डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत एकत्र की गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी और इसका इस्तेमाल केवल सांख्यिकीय और विकासात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। समाचार कक्ष से निधि श्री।

———————————————

हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिला प्रशासन ने जनगणना की तैयारी पूरी कर ली है। भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पारदर्शिता और सुगमता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी पदाधिकारियों और कर्मियों को पहले दो दिनों के दौरान सबसे पहले अपनी स्वगणना कर लेने का निर्देश दिया गया है। शेखपुरा के जिलाधिकारी शेखर आनंद ने लोगों से अपील की है कि स्वगणना में स्वेच्छा से भाग लें और चौंतीस प्रकार की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें।

———————————————

कैमूर के जिलाधिकारी नितिन कुमार के निर्देश पर जिले में गहन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में बिना हेलमेट मोटरसाईकिल चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गयी।

---

सारण जिले के हरिहर नाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मीणा बाजार चौक से पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा और स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

रोहतास के जिला एंव सत्र न्यायाधीश ने नौ मई को जिले में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान कई न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

कटिहार में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से सोलर मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्‌घाटन पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद और जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. महिला आरक्षण और परिसीमन पर लोकसभा में चर्चा जारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी से बनेगा विकसित भारत।

02 भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन, रालोमो अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर और भाजपा नेता शिवेश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण की।

03. विधान परिषद की रिक्त हुई एक सीट के लिए उपचुनाव बारह मई को होगा। तीस अप्रैल तक किया जा सकता है नामांकन।

04. और, जनगणना, दो हजार सत्ताईस की राज्य में कल से होगी शुरूआत। पहले चरण में स्व–गणना और मकानों की सूची बनाई जाएगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।